Title: Re: Compensation to farmers of Badaun Parliamentary Constituency for loss of their crops due to untimely rain and hailstorm.

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं): हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है ऐसे में किसानों की चिंता करना हम सब का कर्तव्य है । विगत दिनों में प्रदेश में मौसम बिल्कुल भी अनुकूल नहीं रहा है जब बारिश की जरूरत नहीं थी उस समय में अतिवर्षा, ओलावृष्टि और जब बारिश की जरूरत है तब सूखा की स्थिति बनी हुई है ऐसे धान, बाजरा की बुआई प्रभावित हो रही है और पूर्व में अतिवर्षा होने के कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र बदायूं जो कि भारत का मेंथा शहर के नाम से भी जाना जाता है वहां मेंथा की फसल का अत्यधिक नुकसान हुआ है ऐसे में मैं सरकार से चाहूंगी कि किसानों के हुए नुकसान का परीक्षण कराकर उनको उचित मुआवजा दिया जाए और साथ ही प्रदेश में हुए फसल के नुकसान का मुआवजा किसानों को दिया जाए ।